# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 2 अप्रैल, 2018/12 चैत्र, 1940 (शक्)

----

[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री ].

कुल प्रश्न - 47

----

### प्रदेश पर ऋण

*373 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
**श्री होशयार सिंह(देहरा) :**
**श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार पर दिनांक 15 फरवरी, 2018 तक कितना ऋण है और इस ऋण को कम करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

### Development of Fisheries

*374 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) what steps are being taken by the Government for development of fisheries around Kol Dam in Sunni area; and

(b) what will be employment opportunities in the area based on fisheries?

----

## बंदोबस्त कार्य

***375 श्री सतपाल सिंह रायजादा(ऊना) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने गांवों में बंदोबस्त आरम्भ किये गये;

(ख) वर्तमान में कितने गांवों में बंदोबस्त का कार्य चल रहा है व कितने पूर्ण कर लिए गये हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कितने तकसीम के मामले प्राप्त हुए, इनमें से कितने लम्बित हैं व कितने मामले निपटाए गए?

----

## Dalhousie Bus Stand

***376 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that land for construction of Bus Stand at Dalhousie has been identified; and

(b) if yes, what is the latest position with regard to transfer of land?

----

## रेणुका बांध परियोजना

***377 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रेणुका बांध परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) बांध प्रभावितों को मुआवज़ा प्रदान कर दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## शिलान्यास

***378 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत कितने शिलान्यास कहां किये गये; और

(ख) कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं; ब्यौरा कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## ट्रांसपोर्ट नगर

*379 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां,तो कब तक; और

(ख) सरकार ने इसके लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया है?

----

## भवन निर्माण

*380 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या सरकार कोटला उप-तहसील के कार्यालय भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है; और

(ख)यदि हां, तो इसका प्राक्कलन तैयार कर लिया है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## 14वें वित्तायोग के तहत धनराशि

*381 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नाचन विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अन्तर्गत 14वें वित्तायोग के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों को कितनी धनराशि दी गई है; ब्यौरा पंचायत के नाम व धनराशि सहित दें; और

(ख) पंचायतों को किन-किन कार्यों हेतु धनराशि दी गई?

----

## Kiari-Khinna Road

*382 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil(Solan) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of Shamti by pass and Kiari-Khinna road in Banjani Panchayat of Solan Assembly Constituency; by when it will be completed; details be given?

----

## Recommendations of Dr. Swaminathan Committee

***383 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state that whether there is any proposal of the Government to implement the recommendations of Dr. M.S Swaminathan Committee report to bail out the farmers from the agrarian crises; details be given?

----

## संयुक्त कार्यालय भवन

***384 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि संयुक्त कार्यालय भवन नेरचौक की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Conservation of Forests

***385 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether rain water can be preserved for conservation of forests; if so, is there any proposal for storing the rain water in hilly areas of Una district; and

(b) during the last three years how many trees have been planted and what is the survival rate & how much funds have been sanctioned; year-wise details be given?

----

## पशु चिकित्सालय

***386 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु चिकित्सालय स्थापित किए गए तथा कितने स्तरोन्नत किए गए; नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) कितने पशु चिकित्सालय के भवन नहीं हैं तथा कितनों का कार्य चल रहा है; और

(ग) कितने पद विभिन्न श्रेणियों के रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## डूंखरी वन विश्राम गृह

***387 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू के लगवैली में वन विश्राम गृह डूंखरी का शिलान्यास किया गया है; यदि हां, तो कब; और

(ख) निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है व कब तक कार्य आरम्भ हो जाएगा?

----

## सड़कों का रख-रखाव

***388 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जिला हमीरपुर के अन्तर्गत सड़कों के रख-रखाव पर कितनी धनराशि व्यय की गई; विधान सभा क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

----

## हामणी ट्राउट फिश फार्म

***389 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार के हामणी में ट्राउट फिश फार्म का कार्य कब आरम्भ किया गया; कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## पॉली हाऊस निर्माण

***390 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पंडित दीनदयाल मिशन के अन्तर्गत कितने कृषकों ने पॉली हाऊसिज का निर्माण किया और समय-समय पर उन्हें कितना-कितना उपदान दिया गया;

(ख) बैंकों द्वारा दी गई अनुदान राशि जमा न करवा पाने के कारण कितने कृषकों की जमीन को बैंकों ने कुर्की करने के नोटिस जारी किए; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इनके ऋणों को माफ करने का विचार रखती है?

----

## पुल निर्माण

***391 श्री मुलख राज(बैजनाथ) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बैजनाथ-चौबीन सड़क पर गणेश बाजार में रेलवे लाईन पर पुल निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और दिनांक 15/2/2018 तक इस पर कितनी व्यय की गई; ब्यौरा वर्तमान स्थिति सहित दें;

(ख) सगूर-बडूआं पुल का शिलान्यास व विधायक प्राथमिकता योजना में कब डाला गया; और

(ग) इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## करसोग सब्जी मण्डी

***392 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग सब्जी मण्डी की स्थापना कब तथा किस स्थान पर की गई;

(ख) इस पर कितना व्यय किया गया; और

(ग) क्या यह स्थायी रूप से कार्यशील है; यदि हाँ, तो कब से; यदि नहीं, तो कारण?

----

## ज्वालामुखी मन्दिर न्यास

***393 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में श्री ज्वालामुखी मन्दिर न्यास में कितनी धनराशि जमा हुई व कितनी चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कितनी धनराशि विभिन्न योजनाओं पर व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) यह धनराशि सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सक्षम अधिकारियों की स्वीकृति से व्यय की गई; यदि नहीं, तो क्या सरकार इसकी जांच करवाएगी?

----

## हत्या व आत्महत्या के आपराधिक मामले

*394 **श्री जवाहर ठाकुर(दरंग ) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नारकोटिक्स (चरस एवं अफीम), हत्या एवं आत्महत्या के कितने मामले पंजीकृत किए गए; दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा मामलावार दें?

----

## नशीले पदार्थ

*395 **श्री राजेश ठाकुर(गगरेट) :**
**श्रीमती रीता देवी(इन्दौरा) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में नशीले पदार्थों के कितने मामले पकड़े गये; विधान सभाशः ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश से सटे अन्य राज्यों से नशीले पदार्थ की अवैध सप्लाई की रोकथाम हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ?

----

## तारादेवी-टुटू सम्पर्क मार्ग

*396 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि तारादेवी-टुटू सम्पर्क मार्ग की हालत बहुत दयनीय है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस पर कब तक टारिंग कर दी जायेगी ?

----

## कोटखाई बस अड्डा

*397 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला शिमला के कोटखाई बस अड्डे का शिलान्यास कब हुआ व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## ग्राम पंचायत सदवां हेतु धनराशि

*398 **श्री राकेश पठानिया (नूरपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 15 फरवरी, 2018 के दौरान खण्ड विकास कार्यालय नूरपुर, जिला कांगड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सदवां के लिए 14वें वित्त आयोग और मनरेगा द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए किस-किस योजना के अन्तर्गत किन-किन वार्डों में कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत/व्यय की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें;

(ख) क्या इन कार्यों को प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम अधिकारी से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त की गई; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) इस पंचायत के अन्तर्गत लखवाल वार्ड के आने वाले किस-किस व्यक्ति को किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

----

## ट्रांसफार्मर

*399 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नालागढ HPSEB Division के अन्तर्गत किन-किन गांवों व पंचायतों में कितने ट्रांसफार्मर लगाए गए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई?

----

## Funds Sanctioned

*400 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last three years how much funds were sanctioned for various Roads, Buildings, Bridges and Other construction work in Rampur Division; detail be given?

----

## वन नर्सरी

*401 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितनी वन नर्सरी हैं; ब्यौरा वन मण्डलश: दें; और

(ख) क्या इन नर्सरियों में सूखे के कारण पौधे सूख जाते हैं; यदि हां, तो पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## स्थानान्तरण

***402 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का भाग जो लोक निर्माण मण्डल कांगड़ा के अन्तर्गत है उसे नगरोटा बगवां को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## थौणा पलौण परियोजना

***403 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में HPPCL द्वारा थौणा पलौण में एक परियोजना( Project ) का निर्माण किया जा रहा है; यदि हाँ, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसका कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा?

----

## मुख्य मन्त्री राहत कोष

***404 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मुख्य मन्त्री राहत कोष से दिनांक 01 अप्रैल, 2017 से 31 दिसम्बर, 2017 तक कितनी धनराशि वितरित की गई व किन-किन को दी गई; जिलाशः ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान सरकार के समय में इस कोष में कितनी धनराशि है व कितने लोगों द्वारा इसमें सहयोग दिया गया; ब्यौरा दें?

----

## मैटलिंग/टारिंग

***405 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) खड़ापत्थर से शीलघाट, मेलठी, कटलाह व शरौंथा सड़क की टारिंग व मैटलिंग हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) रोहड़ू निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के पास विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी DPRs लम्बित है; योजनावार/विधायक प्राथमिकता सहित ब्यौरा दें?

----

## विकास योजनाओं हेतु धनराशि

***406 श्री होशयार सिंह(देहरा) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल देहरा के अन्तर्गत विकास योजनाओं हेतु एवं ज्वालामुखी व जसवां-प्रागपुर को कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई, कितने पुलों और सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें?

----

## Upper Gawahi-Lower Gawahi Kadog link road

***407 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest status of D.P.R. of upper Gawahi-Lower Gawahi Kadog link road of Shimla Urban and Shimla Rural Constituencies?

----

## भवाई भवन का निर्माण

***408 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विश्राम गृह भवाई का शिलान्यास कब हुआ और इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## करूणामूलक आधार पर रोज़गार

***409 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पात्र व्यक्तियों ने करूणामूलक आधार पर रोज़गार हेतु आवेदन किया है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) सरकार इन्हें कब तक रोज़गार उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

## Service Board

***410 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether the Government proposes to constitute a Service Board for the transfer of IAS, IPS & IFS Officers in the state; if so, details thereof?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***411 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन्नु-मवा चाहवाग तथा गुरेट सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस पर बनने वाले पुलों के निर्माण हेतु कब तक धन राशि स्वीकृत की जाएगी?

----

## वैष्णो माता मंदिर

***412 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क ) जिला कुल्लू में स्थित वैष्णो माता मंदिर का निर्माण वैध भूमि पर है; और

(ख ) यदि नहीं, तो सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें?

----

## JNNURM व विद्युतीय बसें

***413 श्री नरेन्द्र ठाकुर(हमीरपुर) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) JNNURM buses की DPR Corporation द्वारा किससे तैयार करवाई गई; इस हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; बसें क्रय करने हेतु कमेटी का गठन किया गया; यदि हाँ, तो सदस्यों के नाम व पद का ब्यौरा दें;

(ख) विद्युतीय बसें खरीदते समय कितनी फर्मों ने भाग लिया था; और

(ग) जिन फर्मों की निविदाएं अस्वीकार की गई उनके क्या कारण थे; ब्यौरा दें?

----

## सड़क का रख-रखाव

***414 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शालूघाट से खारसी, रानीकोटला, जब्बल सड़क का रख-रखाव किसके द्वारा किया जा रहा है; इस सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए कब तक दुरूस्त कर दिया जाएगा?

----

## सलापड़-तत्तापानी सड़क

***415 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सलापड़-तत्तापानी सड़क का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इसका कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

----

## भूमि क्रय-विक्रय

***416 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भूमि क्रय-विक्रय के लिए सामान्य एवं विशेष अधिकार पत्र (General &Special Power of Attorney) के लिए सरकार ने क्या समय-सीमा निर्धारित की है;

(ख) अधिकार पत्रों के लिए दो वर्ष या दो वर्ष उपरान्त इस का नवीनीकरण आवश्यक किया जाएगा; और

(ग) जमीनों को इसके माध्यम से विक्रय करने में हो रही अनियमितताओं को रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

***417 श्री जवाहर ठाकुर(दरंग ) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना,नाबार्ड व अन्य योजनाओं के अन्तर्गत कौन-कौन से नई सड़क, पुल व भवन स्वीकृत किए गए; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) इस क्षेत्र के 50 से 250 आबादी वाले कौन-कौन से गांवों में सड़क की सुविधा नहीं है; वंचित गांवों को सरकार कब तक सड़क सुविधा देने का विचार रखती है; और

(घ) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल पधर के अन्तर्गत किस-किस ठेकेदार को क्या-क्या कार्य आबंटित किये गये; कितना-कितना भुगतान किया गया?

----

**कुठाड़ में नाजायज़ कब्जे**

***418 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा सुबाथु-अर्की-कुनिहार-बरोटीवाला सड़क हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया;

(ख) यदि हाँ, तो इस सड़क हेतु जो भूमि अधिगृहित की गई थी उसका मुआवजा लेने के उपरान्त कुठाड़ में कुछ लोगों ने पुनः नाजायज़ कब्जे किए हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

**बैकलॉग**

***419 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार विभिन्न विभागों में अन्य पिछड़ा जाति के बैकलॉग को भरने का विचार रखती है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 17 मार्च , 2018.** **सचिव।**